// बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड
An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
बिहार सरकार का एक उपक्रम
वेबसाइट: www.bsbccl.bih.nic.in
BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.
An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
A Government of Bihar Undertaking
Website: www.bsbccl.bih.nic.in

Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513

पत्रांक : बी0एस0बी0सी0सी0एल0–93 / 2016–परामर्शी सेवा  दिनांक : / 12 / 2016

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा,
प्रबंध निदेशक,

सेवा में,

**उप महाप्रबंधक**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0
परियोजना कार्यान्वयन इकाई
गया।

**विषयः–माह नवम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी।**

प्रसंगः–पत्रांक–2607 दिनांक–07.10.2016.

महाशय,

माह नवम्बर, 2016 तक परियोजना कार्यान्वयन इकाई गया के अन्तर्गत योजनाओं की निगम स्तर पर समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक टिप्पणी निम्नवत् है।

**2. मौतिक प्रगति**

**(i) PHC to CHC उत्क्रमण का कार्यः**

इस योजना के अन्तर्गत 27 अद्द कार्य कराये जाने थे। इन में से 26 अदद कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा 01 अदद कार्य हिसुआ नवादा में 90% प्रगति में प्रतिवेदित की गयी है। योजना को 31 दिसम्बर, 2016 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**(ii) 550 परम्परिक गोदाम निर्माण की योजनाः**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 24+45=69 अदद पारम्परिक गोदाम निर्माण की योजना का कार्यान्वयन कराया जाना था। इन योजनाओं में से 18 अद्द योजनाएँ स्थगित की गयी है। शेष 51 अद्द योजनाओं में से 50 अदद योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है। 01 अद्द योजना रफीगंज औरंगाबाद की प्रगति 50 प्रतिशत प्रतिवेदित है। योजना को शीघ्र पूरा किया जाये।

**(iii) 144 PEB गोदाम निर्माण योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 03 अद्द PEB गोदाम का निर्माण कार्य करना था। गया में योजना पूर्ण हो चुकी है। दाऊदनगर में प्रगति 90 प्रतिशत प्रतिवेदित किया गया है तथा जहादाबाद में स्थल उपलब्ध नहीं है।

**(iv) प्रेस क्लब का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 04 अद्द प्रेस क्लब के निर्माण कार्य की योजना दिया गया था। इनमें से 02 अद्द योजना पूर्ण है। गया तथा अरबल में क्रमशः 65 प्रतिशत तथा 60 प्रतिशत प्रगति प्रतिवेदित है।

**(v) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 07 अद्द पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जाना है। सभी योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है।

**(vi) समाज कल्याण विभाग :**

इसके अन्तर्गत 04 पर्यवेक्षणगृह का निर्माण कराया जाना था। इन योजनाओं में से 01 अद्द योजना पूर्ण हो चुकी है। औरंबाबाद, गया एवं जहानाबाद में प्रगति क्रमशः 25 प्रतिशत, 45 प्रतिशत एवं 80 प्रतिशत प्रतिवेदित की गयी है।

**(vii) विधि विभाग :**

इस विभाग की 02 अद्द योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाना था। दोनों योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है।

**(viii) उद्योग विभाग :**

इसके अन्तर्गत अरवल में 01 अद्द उद्योग केन्द्र स्थापित करने का कार्य किया जाना था। योजना की प्रगति 90 प्रतिशत है। योजना को 31 दिसम्बर, 2016 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

पटना–800023, दूरभाष: +91–612–2284861, फैक्स: +91–612–2280324, ई–मेल:bsbccl.patna@gmail.com

(ix) कला, संस्कृति एवं युवा विभाग :

इस विभाग की 10 अद्द योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाना है। इनमें से 05 अद्द योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है तथा ताराडीह 40 प्रतिशत, दाउदनगर 50 प्रतिशत, अपसढ 50 प्रतिशत, दाबथू 70 प्रतिशत एवं टेकारी(गया) में 50 प्रतिशत प्रगति प्रतिवेदति की गयी है।

(x) बिहार राज्य बीज निगम लि0:

इस योजना के अन्तर्गत 05 अद्द आधारभूत संरचना का निर्माण कार्य किया जाना था। योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है। शेरघाटी गया की योजना पूर्ण है। इसे भी प्रशासी विभाग को हस्तानान्तरित किया जाये।

(xi) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग :

इस योजना के अन्तर्गत 02 अद्द न्यायालय के निर्माण कार्य की योजना दी गयी थी इनमें से 02 अदद पूर्ण किया गया है ।

xii) बुनियाद केन्द्र का निर्माण कार्य :

पुराने भवनों का जीर्णोद्धार कर बुनियाद केन्द्र बनाने की 02 अद्द योजना आपको दी गयी थी। दोंनो योजानाएँ पूर्ण कर दी गयी है।

(xiv) कौशल विकास केन्द्र का निर्माण :

मगध प्रमंडल के अन्तर्गत 61 अद्द कौशल विकास केन्द्र का निर्माण किया जाना था। सभी योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है।

2. वित्तीय प्रगति

परिक्षेत्राधीन कुल एकरारित राशि ₹20198.84 लाख के विरूद्ध चालू वित्तीय वर्ष में ₹4403.273 का लक्ष्य था। अब तक विभिन्न योजनाओं पर ₹3168.74 का भुगतान किया गया हैं इस प्रकार परियोजना कार्यान्वयन इकाई, गया की वित्तीय उपलब्धि 71.97% है, जो संतोषजनक है।

3. पी0एम0आई0एस0 एवं प्रबंधन :

सूचनाएँ अद्यतन पायी गयी। भविष्य में भी इसे अद्यतन रखा जाये।

4. मासिक लेख :

आपके द्वारा अद्यतन मासिक लेखा समर्पित नहीं किया गया है। कृपया शीघ्र मासिक लेखा समर्पित करना सुनिश्चित करें।

5. गुण नियंत्रण :

आपके द्वारा प्रेषित गुण नियंत्रण जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट नहीं है कि यह जाँच संरचना के किस स्टेज का है। भविष्य में स्पष्ट प्रतिवेदन भेजें।

6. स्पष्टीकरण :

माह सितम्बर, 2016 के MRN में आपसे पूर्ण योजनाओं का अन्तिम विपत्र तैयार कर उसकी लागत राशि, अवशेष कार्यों का टाइम लाईन, मासिक लेखा तथा कई सूचनाएँ मांगी गयी थीं किन्तु आप अनुपालन प्रतिवेदन (ATR) भेजने में असफल रहे।

कृपया यह स्पष्ट करें कि क्यों और किस कारणवश आप मेरे निदेश का अनुपालन नहीं किये। अपना स्पष्टीकरण दिनांक–26.12.2016 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उपर्युक्त के परिपेक्ष्य में आपके परियोजना कार्यान्वयन इकाई का कार्य–कलाप सामान्य कहा जा सकता है। आपको संवेदनशील होने एवं योजनाओं का ससमय पूर्ण कराने के प्रयास करने की आवश्यकता है। आपको निर्देश है कि सभी बिन्दुओं पर तीन सप्ताह के अन्दर की गयी कार्रवाई से सम्बन्धित (Action taken report) प्रतिवेदन समर्पित किया जाये।

विश्वासभाजन

17.12.16

(अमृत लाल मीणा)

ज्ञापांक:- 3190 दिनांक:- 19 / 12 / 2016

प्रतिलिपि : मुख्य महाप्रबंधक, सभी महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक सारण, परियोजना प्रबंधक, आई0टी0 मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्गाण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

महाप्रबंधक (परामर्शी सेवा)